तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **महिपाल बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, पीपाड़ शहर)** सू.अ.अपील संख्या ऑनलाईन अपील संख्या– 353704876108617	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20–12–24	अपीलार्थी महिपाल निवासी बनकलिया का बाडी, बनकलिया , पीपाड़ शहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 07/11/2024 में कार्यालय में प्रस्तुत राजस्व अपील प्राधिकारी, जोधपुर अपील संख्या 117/2023 के संबंध में प्रार्थना पत्र दिनांक 12.09.2023 में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही के सम्पूर्ण विवरण सहित सत्यापित प्रतिलिपि एवं अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, पीपाड़ शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर–ग्रामीण	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.20 17:44:43 IST
Reason: Approved